तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 कांग्रेसियों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध





14 अनजान व्यक्ति एवं कॉल से रहें सावधान : दीपेश




## खबर संक्षेप



### बीआरसी भवन में दिया गया विज्ञान विषय का प्रशिक्षण

**बेमेतरा।** शनिवार बीआरसी भवन में एकदिवसीय विज्ञान विषय पर आधारित कार्यशाला के रूप में मेगा ज़ोन संकुल बैठक आयोजित की गई। प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए बीईओ अरुण खरे ने कहा कि वे इस कार्यशाला में प्रशिक्षण से मिली जानकारी अपने विद्यालय में लेकर जाएं ताकि इसका लाभ विद्यालय के सभी बच्चों को मिल सके। पूरे प्रशिक्षण में रोचक और ज्ञान-वर्धक जानकारी मिलने पर कार्यशाला में शामिल होने वालों ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत ही लाभदायक रहा। इसका उपयोग कर हम विद्यालय में कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक बना पाये। इस दौरान राजेन्द्र साहू बीआरसी, धनजंय शर्मा एपीसी,समस्त संकुल समन्वयक एवं मॉस्टर ट्रेनर मंजू साहू और कृष्ण कुमार करमाकर साथ ही श्रेया दुबे अजीम प्रेमजी से उपस्थित रहे।

### तालाब में डूबने से बालक की मौत

**थान खम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम मटिया में तालाब में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। मृतक मिरगी की बीमारी से ग्रसित था। इसके पूर्व भी इस प्रकार की दो बार घटना घट चुकी थी, लेकिन ग्रामीणों की जागरूकता से वह बच जाता था। मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम मटिया में सुशील पिता सनत चतुर्वेदी उम्र 19 वर्ष तालाब में दोस्तों के साथ नहाने गया था। तभी उसको अचानक मिरगी आने से वह पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी भेज दिया।

# आधुनिकता के साथ मिट्टी से जुड़े रहने की पहल, कुम्हार डिजाइनर दीए भी बना रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली को लेकर ग्रामीण अंचल में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार दिन-रात काम कर रहे हैं। इसके साथ ही वे इस बार डिजाइनर दीए भी बना रहे हैं, जो धीरे-धीरे बाजारों में आना शुरू हो गया है इसके अलावा लक्ष्मी की मूर्तियां भी बना रहे हैं। नवरात्रि उत्सव की समाप्ति के बाद कुम्हार माता लक्ष्मी तथा दीयों के निर्माण में जुटे हुए हैं।कुम्हारों को उम्मीद है कि अब उनका पुस्तैनी कारोबार फिर से लौट आएगा। दीपावली पर इस बार लोगों के घर, आंगन, मिट्टी के दिए से रोशन होंगे। बाजार में भी मिट्टी के दीए बिकने के लिए पहुंच गए हैं।खरीदारी भी शुरू हो गई है।



## दीपावली पर रंगबिरंगे झालरों के बीच स्वयं को बचाए रखने की जद्दोजहद

### लोगों में भी आ रही जागरुकता

इस बार कुम्हारों ने पारंपरिक दीयों के साथ ही डिजाइनदार दीप ज्यादा बनाए हैं। चाइनीस झालर व मोमबत्तियों की चकाचौंध ने दीयों के प्रकाश को गुमनामी के अंधेरे में धकेल दिया था। कुम्हारों के बने दीप की रोशनी कम हो गई थी। लेकिन पिछले दो वर्षों से लोगों की सोच में खासा बदलाव आया है और एक बार फिर गांव की लुप्त होती इस कुम्हारी कला के पटरी पर लौटने की आस जगने लगी है और इसके संकेत भी मिलने लगे हैं। कुम्हारी कला से निर्मित खिलौने, दिए ,सुराही व अन्य मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ी तो कुम्हारों के चेहरे खिल गए। लेकिन अब मिट्टी के दीए व बच्चों के खिलौने खूब बिक रहे हैं। अब फिर से गांव व बाजारों तक में दिखने लगे हैं। मिट्टी से निर्मित होने वाले बर्तनों का उपयोग शुरू होने से पर्यावरण भी सुरक्षित हो रहा है। इस बार दीपावली में मिट्टी के सामानों की मांग बढ़ी है।

## आरोप : चेचानमेटा मामले में अदिवासी युवक की बहन भारती ने लगाए आरोप

# शिकायत वापस लेने बनाया दबाव, भाई के खिलाफ लिखाई झूठी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विजयादशमी पर्व पर साजा विधानसभा के ग्राम चेचानमेटा में हुई घटना एवं उससे जुड़े विवाद को लेकर मामला लगातार गरमाता जा रहा है। इस मामले में जहां सियासत तेज हो गई है, वहीं दूसरी ओर लगातार नए-नए घटनाक्रम सामने आ रहे हैं।

विधायक पुत्र कृष्णा साहू एवं स्थानीय आदिवासी युवक मनीष मंडावी के बीच हुई वाद-विवाद, मारपीट, जाति सूचक अपशब्दों एवं लूटपाट की घटना के आरोप-प्रत्यारोप के बीच साजा विधायक ईश्वर साहू के प्रेस कांफ्रेंस के बाद अब मनीष मंडावी की बहन भारती मंडावी ने विधायक पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही विधायक पुत्र द्वारा मनीष के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखाई गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि लूटपाट की घटना विजयादशमी के दिन की ही थी, तो उन्हों ने दो दिन बाद क्यों रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि विधायक के बेटे को मामला दर्ज कराने में दो दिन क्यों लग गए।

भारती मंडावी ने आरोप लगाया कि भाई द्वारा घटना की शिकायत करने के बाद उनकी माँ और दोनों भाइयों के साथ उनको भी विधायक निवास बुलाया गया था। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाकर समझौते करने को कहा जा रहा था। इस दौरान विधायक स्वयं मौजूद थे किन्तु उन्होंने एक भी बार उनके भाई से हालचाल नहीं पूछा और न ही उनके सिर पर लगी चोट की खबर ली।



### हमें सिर्फ न्याय चाहिए

वहीं, कांग्रेस से जुड़े होने के आरोप पर भारती ने कहा कि उनका परिवार करीब तीन पीढ़ियों से एक कांग्रेसी नेता के घर से जुड़े हैं, किंतु उनका इसमें अभी तक कोई लेना देना नहीं है। फिलहाल उन्हें और उनके परिवार को इस सम्बंध में सिर्फ न्याय चाहिए। साथ ही पुलिस की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए भारती मंडावी ने पूछा कि अगर यही घटना उनके भाई के बजाए विधायक पुत्र के साथ हुई होती, तो अब तक उनका भाई पहले से गिरफ्तार हो गया होता। किन्तु विधायक पुत्र होने के कारण उन पर मेहरबानी देकर छूट दी जा रही है।

# सूदखोरी से परेशान युवक ने पी लिया कीटनाशक, पहुंचा थाना

**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 निवासी एक युवक सूदखोरी से परेशान होकर कीटनाशक पी ली। उसके बाद उसने खुद थाने में जाकर पुलिस को जहर पीने की बात बताई। इससे हड़बड़ाई पुलिस ने उसे तत्काल हास्पिटल पहुँचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेमेतरा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। नगर में बगैर लायसेंस सूदखोरी का गोरखधंधा एक जमाने से चला आ रहा है, जिससे कई घर तबाह भी हो चुके हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 निवासी एक युवक ने वार्ड क्र 13 निवासी एक महिला से 25 हजार रूपए ब्याज पर लिए थे। युवक ने पुलिस को बताया कि आर्थिक स्थित खराब होने के कारण मूलधन व ब्याज की राशि चुकता नहीं कर पाया। वह बढ़कर करीब डेढ़ लाख हो गया। युवक ने बताया कि सूदखोर महिला युवक को रूपए के लिए रोज तंग करती थी। उसने पुलिस को दिए बयान में बताया कि महिला को अब तक डेढ़ लाख से अधिक राशि दे चुका है।युवक के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे दोनों पक्षों के बीच थाने में समझौता को लेकर फिर विवाद हो गया। उसके बाद उसने बननाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसके बाद स्वयं थाना पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी।



### नगर में सूदखोरों का बड़ा आतंक, कई घर बरबाद

नगर के विभिन्न वार्डों में बगैर लायसेंस सूदखोरी का गोरखधंधा एक जमाने से चला आ रहा है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, तो अनेक लोगों के सिर से छत छिन गई। सूद के चक्कर में खेती-बाड़ी तक बिक गई।







